## सार-समाचार

### भव्य भजन संध्या आयोजित

**चूरू** (निसं)। निकटवर्ती गांव ढांढंण में अखिल भारतीय माँ टीडा गेला बसंतोत्सव परिवार की ओर से टीडा गेला दादी के 25वें अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत शुक्रवार रात्रि को भव्य भजन संध्या एक शाम शिव के नाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज निवाई के प्रकाशदास महाराज ने गणेश वंदना से किया। इस अवसर पर गायक कलाकारों ने राधे-कृष्णा राधे-राधे, मोहन आओ तो सही माधव रा मन्दिर में मीरा बाई एकली खड़ी व उज्जैन के गायक कलाकार किशन भगत ने मैं दीवाना हूं महाकाल का, आज बिरज में होली रे रसिया, क्या लेके आया बन्दे क्या लेके जायेगा सहित अनेक भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में शनिवार सुबह दादी का रुद्राभिषेक किया गया। देश विदेश से आये हजारों भक्तों ने रुद्राभिषेक में भाग लिया। इस अवसर पर दादी के भक्तों ने कार्यक्रम का जमकर लुफ्त उठाया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम को विश्व विख्यात अनूप जलोटा व कविता पौडवाल द्वारा आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां दी जायेगी। समिति के पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### विशेष शिविर का समापन

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय राजकीय जालान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुशील त्यागी ने बताया कि 19 जनवरी से प्रारंभ हुए शिविर का आज समापन डॉ. एके सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो विनीता पारीक, थी।इस अवसर पर प्रो कल्याण सिंह चारण ने स्वयंसेवकों से कहा कि आपने सात दिवस में जो ज्ञान अर्जित किया है। उसे जीवन में उतारें। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार सक्सेना ने कहा कि आपके सर्वांगीण विकास में यह शिविर बहुत उपयोगी साबित होगा।आप समाज और राष्ट्र को हमेशा सर्वोपरि मानें।प्रो विनीता पारीक ने परीक्षा तैयारी के टिप्स विद्यार्थियों से साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी डा सुशील त्यागी ने सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने श्रेष्ठ विद्वानों का मार्गदर्शन दिलाने के लिए डा सुशील त्यागी का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने शिविर के अनुभव साझा किए।डा कैलाश जोशी ने स्वयंसेवकों के महत्वपूर्ण कर्तव्यों को समझाया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी स्वयंसेवकों को मतदान की शपथ भी दिलाई। डॉ. सुशील त्यागी के आभार प्रकट करने के साथ शिविर का समापन हुआ।

### रोटरी क्लॉक टॉवर का उद्घाटन आज

**सीकर** (निसं)। रोटरी क्लब, सीकर द्वारा स्टेशन रोड स्थित लोहारू स्टैण्डके पास रोटरी क्लॉक टॉवर लगाया गया है जिसका उद्घाटन 26 जनवरी, 2025 को किया जायेगा। जानकारी देते हुए रोटरी प्रांत 3056 के पूर्व प्रांतपाल रो. डॉ. बलवन्तसिंह चिराना ने बताया कि रोटरी क्लब, सीकर (प्रांत 3056) द्वारा सीकर शहर में स्टेशन रोड़ पर रोटरी क्लॉक टॉवर लगाया गया है जिसका उद्घाटन राजस्थान सरकार के शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर सीकर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र पारीक, पूर्व सांसद स्वामी श्री सुमेधानन्द सरस्वती एवं नगर परिषद सीकरकेचैयरमेन जनाब जीवण खान सहित रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शनिवार को समारोह पूर्वक सत्र 2024-25 का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा थे।इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।प्रधानाचार्य अशोक कुमार जांगिड ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जबकि विद्यालय की ओर प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में दीपक जाजोदिया, महावीर सिंह नेहरा, फिनोवा कैपिटल लिमिटेड एवं विद्यालय स्टाफ को उनके अमूल्य सहयोग के लिए विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जयप्रकाश सरावगी, रामनिवास शर्मा सहित शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद थे।

### भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**कोलसिया,** (निसं)। श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान एवं पूर्व विधार्थी सम्मान पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि भामाशाह हेमंत दूत रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह ने की। 25 भामाशाहों का सम्मान किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन सुमेर सिंह व अनिता कुमारी ने किया। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### बेटी बचाने का संदेश दिया

**चूरू** (निसं)। आर्यन हॉस्पिटल में नवजात बच्ची के परिजनों ने शुक्रवार को पोस्टकार्ड वितरित कर बेटी बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक संगमानंद ने बताया कि पूजा पत्नी अनुज बजाज ने दो दिन पूर्व ही बच्ची को जन्म दिया है। परिवार में 15 वर्ष बाद बच्ची का जन्म होने की खुशी में किरण जाड़ीवाल की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर पोस्टकार्ड पर उकेरे गये चित्र अस्पताल में वितरित किए। इस मौके पर डॉ. मोनिका आर्य, डॉ. अभिषेक आर्य, अरुणा देवी बजाज, अनिल बजाज, मनोज भालेरीवाला, विकास बजाज सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। वर्षा टीटी कॉलेज में चल रहे एसयूपीडब्ल्यू कैंप के तहत रस्साकसी और लंबी कूद प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने रैफरी की भूमिका निभाई। वहीं लंबी कूद में प्रवक्ता सुमन झाझड़िया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। रस्साकसी में लक्ष्मी दल और भगतसिंह दल विजेता रहे। लंबी कूद में छात्रा वर्ग में प्रिया प्रथम, निकिता और नीतू द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर नितेश और द्वितीय स्थान पर सचिन व विजेंद्र रहे।

# लोकतांत्रिक महत्व को समझें और अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं : सुराणा

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया

**चूरू** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया महाविद्यालय में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने कहा कि हम सभी लोकतांत्रिक महत्व को समझें और लोकतांत्रिक महत्व को सुदृढ करने वाली अवधारणा व गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। हम सभी चिंतन, मनन करें और लोकतांत्रिक गतिविधियों को बढ़ावा दें। मतदाता सूची में नए लोगों को जोड़ें और समस्त निर्वाचन गतिविधियों में अपनी भागीदारी निभाते हुए वोटर लिस्ट को अपडेट करें। हम जेंडर गैप को कम करें। उन्होंने कहा कि हम सभी निर्वाचन की गंभीरता को समझते हुए मिलकर काम करें। जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने उपस्थितों को निष्पक्ष व स्वतंत्रा मतदान की शपथ दिलाई तथा उपस्थित जनों ने हस्ताक्षर कर आवश्यक रूप से मतदान करने का संकल्प लिया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी व 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की। कार्यक्रम में गणपति चिल्ड्रन एकेडमी के छात्रा चैतन्य टुहानिया ने 'वोट देण चाल्या' गीत, आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने आदियोगी थीम पर योग प्रस्तुति व केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी।

प्राचार्य डॉ. मंजू शर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रशिक्षु आरएएस साक्षी पुरी, डॉ. रविंद्र बुडानिया, डॉ. प्रशांत शर्मा, भू-अभिलेख निरीक्षक शिव प्रकाश शर्मा, एएसओ विक्रम गुर्जर, डॉ. शांतनु डाबी, जिला स्वीप कॉर्डिनेटर रमेश सिसोदिया, अरुण टुहानिया, भंवरलाल सहित अनेक लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरोज हारित ने किया।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को किया सम्मानितः-** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, प्राचार्य डॉ. मंजू शर्मा सहित अतिथियों ने प्रकाश चंद सैनी, नरेश कुमार, रामकृष्णा, तिलोका राम, सुनिल कुमार, शुभकरण शर्मा, प्रमोद कुमार सेवदा, अशोक कुमार शर्मा, अशोक जाखड़, अनिल सिंह, पवन सिंह, संदीप कुमार, कमलाराम मीणा, सुशील कुमार, विनोद कुमार, नाथूराम माहिल, बाबूलाल रेगर, विजय कुमार, विक्रम सिंह, सहाबुद्दीन कलाल, मुरलीधर रेगर, सोमेश कुमार शर्मा, देवेंद्र कुमार, जयकरण सैनी, रजनीश सहारण, श्रवण कुमार गुर्जर, वंदना प्रजापत, डॉ. मूलचंद, प्यारेलाल भाकर, राकेश कुमार, रोशन राम, पदमसिंह मीणा, डॉ. अनिल कुमार सैनी सहित कार्मिकों को निर्वाचन गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया व उर्वशी, योगेश, भावना आदि नव मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण किया।

## संस्कृति बचाने का संदेश दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। निकटवर्ती गांव बास बुडाना के चौधरी राधेश्याम जोधाराम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि भामाशाह रामकुमार सिंह भंवरिया थे। जबकि विशिष्ट अतिथि भामाशाह प्यारेलाल भंवरिया, मनीराम भंवरिया, विद्याधर, हरिसिंह महला, जयकरण गुर्जर, वार्ड पंच सीताराम बास बुडाना, सरदाराराम महला, सत्यवीर भैड़ा, सुभाष भंवरिया एवं मदन गुर्जर थे। इस दौरान विद्यालय स्टाफ की ओर से भामाशाहों का शॉल, साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को चार चांद लगाएं। तो वहीं देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों और राजस्थानी वेशभूषा के साथ संस्कृति बचाने का सुंदर संदेश दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर अतिथियों ने नगद राशि पुरुस्कार स्वरूप भेंट की। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भी मैडल पहनाकर सम्मान किया।

# वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**पाटन** (निसं)। राजकीय श्रीमती जमुना देवी बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाटन में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार हरिकिशन सिंह राव ने की। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि पाटन सरपंच मनोज चौधरी, संजय डोकणिया, सेवा निवृत्त शिक्षक ज्ञान चंद सोनी, संजय ठेकेदार, नीरज गर्ग, मानसिंह टेलर, भवानी सिंह तंवर रहे।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने एक से बढकर एक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मन मोह लिया। सरपंच मनोज चौधरी ने अपने उद्बबोदन में कहा कि छात्रों को मन लगाकर पढ़ना चाहिए, आज के समय में बेटा बेटी एक समान है, यही नहीं लड़कियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है आपको भी उन की तरह कडी मेहनत करके आगे बढ़ना चाहिए और परिवार के साथ साथ विधालय एवं अपने गांव का नाम रोशन करना चाहिए।विधालय के भामाशाह प्रतिनिधि महावीर सिंह राव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे स्कूल का नाम जिले की हर स्कूल से पहले लिया जाता है क्योंकि सरकारी विद्यालय होने के बावजूद भी इस स्कुल में अध्यनरत छात्राओं को लाने ले जाने हेतु चार बसें लगी हुई है तथा इस स्कूल में अध्यनरत करने वाली हर छात्रा सुरक्षित है। पढ़ाई के क्षेत्र में भी इस स्कूल की बालिकाएं सबसे आगे हैं जो अपने आप में गौरव का विषय है। विद्यालय के भामाशाह स्वर्गीय कैलाश चंद पांडेय हाल निवासी रायपुर- छत्तीसगढ़ की तरफ से विद्यालय में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं जो छात्राओं की पढ़ाई में बहुत महत्वपूर्ण सुविधाएं है। पढ़ाई के क्षेत्र में भी यह स्कूल अग्रणीय स्कूलों में आता है तथा विद्यालय का स्टाफ भी बहुत सजग स्टाफ है। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल महावीर प्रसाद मीणा ने अपना अभिवादन भाषण देते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन व्याख्याता सुमेर सिंह खुडाणियां ने किया।

निकटवर्ती हसामपुर गांव के सरकारी शहीद प्रमोद कुमार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्राचार्य महिपाल और ग्रामीणों द्वारा पारितोषिक और उपहार प्रदान किए गए। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया, जिसमें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक गण और गांव के निवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर दिलीप यादव ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अतिरिक्त ग्रामीण बाबूलाल नेहरा, सज्जन सिंह नेहरा, सूबेदार रोहिताश सिंह, सरपंच संतोष कंवर, राकेश सिंह तंवर, लक्ष्मीनारायण मंडोवरा, सुशील यादव, एडवोकेट सुरेन्द्र बबेरवाल, पत्रकार प्रवीण कुमार योगी, सुशील यादव, रामनिवास यादव, बलबीर कटारिया, भूपेंद्र तंवर (बैंक पीओ), सरदारा राम यादव और अन्य लोग भी इस आयोजन में शामिल हुए।

इसी तरह ग्राम पंचायत रामसिंहपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि गजराज सिंह यादव पूर्व प्रधानाचार्य एवं पाटन पंचायत समिति की विकास अधिकारी श्रीमती शशि बाला उपस्थिति रही। विकास अधिकारी श्रीमती शशि बाला ने विद्यालय हेतु 10 चार्जिंग पंखे एवं जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतिभाओं को नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कपिल देव यादव प्रधानाचार्य ने की। यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया। मंच का संचालन राम अवतार यादव शारीरिक शिक्षक व वरिष्ठ अध्यापक संजू कुमार द्वारा किया गया।

## सार-समाचार

### 'तरंग 2025' कार्यक्रम का समापन

**पाटन** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम तरंग 2025 का समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के बारे में जानकारी दी। सात दिवसीय इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें क्विज, मूक अभिनय, गायन, आशु भाषण, वाद विवाद, रंगोली, मेहंदी एवं पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिताएं प्रमुख थी। समापन दिवस पर नृत्य और फैशन शो प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एस.एन.के.पी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार वर्मा और विशिष्ट अतिथि सह आचार्य आर.सी. यादव रहे। नृत्य प्रतियोगिताओं में, एकल नृत्य में निशा मीणा, युगल नृत्य में रवीना व खुशबू और सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में नचिता कुमावत की टीम ने विजय प्राप्त की। फैशन वॉक प्रतियोगिता में नचिता की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मनमोहन सैनी और प्रो. सुश्री रश्मि शामिल थे। इस अवसर पर मिस तरंग का खिताब निशा और मिस्टर तरंग का खिताब संदीप गुर्जर को दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. ओमपाल कालावत और विपुल जोरासिया द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रो. किरण यादव, प्रो. ज्योति शर्मा और डॉ. सीता मीणा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. योगेश कुमार सबल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया, और कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा द्वारा किया गया।

### वार्षिकोत्सव संवाद का आयोजन

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहीद महेंद्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनासर का वार्षिकोत्सव संवाद शनिवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं के अध्यक्ष मनोज मील ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों, स्कूल स्टाफ व ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकारों और इनसे जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने जानकारी दी कि उपभोक्ता अपने अधिकारों का उपयोग तभी कर पाएंगे जब किसी सेवा का उपभोग करने या कोई वस्तु को खरीदने पर उसके बदले में चुकाई गई राशि का बिल भी हमारे पास होगा। बिना बिल उपभोक्ता संबंधी कानूनों के दायरे से बाहर होंगे। मील ने बताया कि अगर आपके बिल है तो उपभोग की गई सेवा में दोष या खरीदी गई वस्तु में दोष पाए जाने पर सीधे आयोग में उपस्थित होकर इसकी शिकायत की जा सकती है। उपभोक्ता आयोग के टोल फ्री नंबरों पर कॉल करके भी परिवाद दर्ज कराया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सहीराम बसेरा ने की। देवकी बसेरा, अमरसिंह भडिया, गन्नी खां, राजेश बसेरा, भामाशाह विजेंद्र जांगिड, विनय बसेरा विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

### विशेष कार्यक्रम आयोजित

**सूरजगढ़,** (निसं)। टैगोर पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय प्राचार्य रणधीर सिंह एवं उप प्राचार्य बलवान भास्कर ने बताया की मैनेजिंग डायरेक्टर दीक्षा तन्मय अहलावत एवं चेयरमैन सुरेंद्र अहलावत के मार्गदर्शन में कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। अध्यापिका दिव्या कंवर व प्रेरणा के निर्देशन में बच्चों ने देश भक्ति से ओत प्रोत कई प्रस्तुतियां दी। सभी बच्चों को विद्यालय परिवार के सौजन्य से मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर संतोष सिवानीवाल, रोशनलाल सैन, विद्यालय कोर्डिनेटर मोनिका दड़िया, मनोज खेदड आदि मौजूद रहे।

### क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। पीएमश्री श्रीमती भगवान देवी भुवालका विद्यालय रतनगढ़ में सेवा निवृत प्रधानाचार्य मुकंदा राम नेहरा के संयोजन में 21 वीं सदी की शिक्षा और सूचना कौशल के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में चार टीम बनाई गई जिसमें रुखसार विजेता रही। हरिराम मेघवाल, राजेंद्र कुमार मोरिया,जगदीश प्रसाद शर्मा, प्रदीप नेहरा निर्णायक मंडल में रहे। संस्था प्रधान गोपाल कंवर ने आभार व्यक्त किया। विजेता रही छात्रा को पारितोषिक प्रदान किया।

## विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराब, पाठ्यसामग्री वितरित की

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्रीमती गिन्नी देवी राधाबल्लभजी खेतान परिवार झुंझुनूं के सौजन्य से श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में पांच सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण के क्रम में तृतीय दिवस शनिवार को वार्ड नंबर 46 जैन दादाबाडी के समीप डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 1 से 5 तक के नन्हें मुन्ने बच्चों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व वाइस चेयरमैन और वरिष्ठ समाजसेवी पवन पुजारी थे।

इस मौके पर स्कूल प्रधानाध्यापिका माया मीणा, अध्यापक सज्जाद हुसैन, सुनिल कुमार वर्मा, दुर्गाप्रसाद जांगिड़ एवं क्षेत्र के सोहनलाल जैदिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। इससे पूर्व अतिथियों का श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान एवं सुनील तुलस्यान ने दुपट्टा ओढाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेटंकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया।

ट्रस्ट, खेतान परिवार एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की संक्षिप्त जानकारी ट्रस्ट के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई ने दी। उन्होंने बच्चों को मोटिवेशन देते हुए सफलता के गुर भी सिखाए और बताया कि सक्सेस कैसे प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने बच्चों को न केवल ज्ञानवर्धक बातें ही बताई। बल्कि कैसे स्वस्थ रह सकते हैं के बारे में भी बताया। मुख्य अतिथि पुजारी ने भी अपने उद्बोधन में स्कूल विकास के लिए सरकार से एवं अपनी ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। स्कूल की ओर से अध्यापक सज्जाद हुसैन ने अपने उद्बोधन में खेतान परिवार एवं आयोजक संस्था का आभार व्यक्त किया कि वे इस प्रकार का पुनीत कार्य कर रहे हैं।

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 जा. दी.)
न्यायालय सिविल न्यायाधीश महोदय, राजगढ़ जिला चूरू (राजस्थान) वाद संख्या छन्नो देवी सन् 2024
बनाम वाद घोषणात्मक
सर्वसाधारण
नोटिस बनाम

1. सर्वसाधारण वादीनी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त अनुवानी वाद कि वादीनी ने वाद पत्र वाद घोषणात्मक एवं साक्ष्य का कि वादीनी का जलदाय विभाग के फेमली पेशन आदेश मे नाम कमला देवी पत्नी स्व0 श्री चन्द्रा है तथा अन्य समस्त दस्तावेजात मे वादीनी का नाम छन्नो देवी पत्नी श्रीचन्द निवासी हमीरवास तहसील राजगढ जिला चूरू है जबकि उक्त दोनो ही नाम वादीनी के है जिस कारण वादीनी फेमली पेशन आदेश मे मे अपने नाम छन्नो देवी की घोषणा करवाने बाबत वाद पेश/पंजीकृत किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 10/02/25 को दिन में 10:00 वाद पत्र का उत्तर देनें के लिए उपसंजात (हाजिर) होनें के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे समेक अनुदेश दिये गये हो और जो इस प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या सशक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे व आपके कब्जे या सशक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या सुनवाई दावे या प्रतिदावें के समर्थन में साख्य के रूप में निर्भर कर रहे है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जानें वाली सूचि में प्रविष्ट करे।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद व प्रार्थना पत्र की सुनवाई व उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह नोटिस आज दिनांक 17 माह 01 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मोहर अदालत — सिविल न्यायाधीश राजगढ़ (चूरू)

# सड़क सुरक्षा जागरुकता माह कार्यक्रम का आयोजन

**रतनगढ़** (निसं)। जिला प्रशासन, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानजी के जाव में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखकर हम सड़क दुर्घटनाओं को काफी कमी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के समय सीपीआर देकर दुर्घटना में घायल लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ आमजन को भी सीपीआर की ट्रेनिंग लेनी चाहिए। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि शिक्षकों से स्कूलों मे छात्र-छात्राओं को लगातार किसी न किसी विषय से जोडकर सडक सुरक्षा के बारे में बताएं। उन्होंने सभी शिक्षकों, उपस्थितजनों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हमें शुरू से ही बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक करना चाहिए। सिर्फ चालान बनाकर सड़क दुर्घटनाओं को कम नहीं किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में स्कूटी और बाइक लेकर आने वाले बच्चों के लाइसेंस स्कूल प्रशासन द्वारा चेक करने चाहिए। पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव ने बाल वाहिनी नियमों की पालना के साथ प्रत्येक स्टूडेन्ट्स के मोड ऑफ ट्रांसपोर्ट क्या है क्या वह उसमें सुरक्षित है। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों में सडक सुरक्षा के बीजारोपण का आव्हान किया।

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह राठौड ने सड़क सुरक्षा नियमों सहित परिवहन विभाग सीकर द्वारा सड़क दुर्घटनाएं रोकने के संबंध में किये जा रहे प्रभावी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सडक दुर्घटनाओं के परिदृश्य, कारण एवं उपायों में शिक्षक की भूमिका के बारे में बताया । डॉ. प्रवेश सैनी ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियर एवं रोड सेफ्टी ऑडिटर राजस्थान सडक सुरक्षा सोसायटी ने शून्य दुर्घटना क्षेत्र विकसित करने तथा स्कूलों में 10 तरह सडक सुरक्षा गतिविधियां आयोजित करने कलैण्डर तैयार करने पर बताया । डॉ. वी. के जैन कार्डियोलॉजिस्ट ने सीपीआर एवं प्राथमिक चिकित्सा पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे** — **सार्वजनिक सूचना**
दिनांक 27.01.2025 से 31.01.2025 को रतनगढ़ से मोलीसर के बीच बिछाई गई नई दोहरी रेलवे लाईन पर निरीक्षण ट्रेन चलाई जाएगी और इस दिन के बाद लगातार इस ट्रेक पर ट्रेनों का आवागमन रहेगा, इसलिए स्थानीय लोगों को 27.01.2025 को और इसके बाद सावधान रहने की सलाह दी जाती है जिससे इंजिन ट्रायल एवं ट्रेनों के आवागमन के दौरान किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।
112-PS/25 — उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री राधेश्याम आर मोरारका महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर लीना व साथियों का ग्रुप रहा। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह के आतिथ्य में मताधिकार का प्रयोग करने को शपथ दिलवाई।

